# हिंदुत्व के लिए सभी संतों और प्रबुद्धजनों ने भरी हुंकार

## जयपुर के आदर्श नगर स्थित दशहरा मैदान में 26 से 30 सितंबर तक आयोजित होगा हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेला



जयपुर के वैशाली नगर स्थित स्वामी नारायण मंदिर में संत समागम प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान प्रदेश के सभी महामंडलेश्वर और विभिन्न मठों के मठाधीशों और व्यापार मंडल के अध्यक्षों व सामाजिक संगठनों के प्रबुद्धजनों ने विचार व्यक्त किए।

**जयपुर,** (कासं)। हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन के द्वारा चतुर्थ हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले का आयोजन 26 से 30 सितंबर तक जयपुर स्थित आदर्श नगर के दशहरा मैदान में आयोजित किया जायेगा। रविवार को वैशाली नगर स्थित स्वामी नारायण मंदिर में इस कार्यक्रम को लेकर संत समागम प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के सभी महामंडलेश्वर और विभिन्न मठों के मठाधीशों और व्यापार मंडल के अध्यक्षों व सामाजिक संगठनों के प्रबुद्धजनों ने हिंदुत्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

एचएसएस फाउंडेशन के प्रदेश सचिव सोमकान्त शर्मा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रबुद्धजनों ने हिंदुओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहे सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इनका कहना था कि हिंदुत्व बिना सेवा कार्य अधूरा है। सभी संतों ने हिंदू जीवन पद्धति में अध्यात्म का महत्व और बच्चो में बचपन से ही आध्यात्मिक किताबें और सनातन धर्म के प्रति जागरूकता लाने के ऊपर अपने विचार रखें है। संतों ने कहा कि आध्यात्मिक से जुड़कर ही व्यक्ति ईश्वर की प्राप्ति कर सकते है। स्वामीनारायण मंदिर में आयोजित इस विचार गोष्ठी में 35 संतों के साथ-साथ विभिन्न समाजों के प्रबुद्धजन, व्यापार मंडल प्रमुख और हिंदुत्व प्रेमी मौजूद थे।

हवामहल क्षेत्र के विधायक और हाथोज धाम के महंत बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि हिंदू समाज को अलग-अलग धर्म में, अलग-अलग संगठनों में या अलग-अलग जातियों में बांटने की जरूरत नहीं है, क्योंकि हम सब हिंदू है और हिन्दुत्व अपने आप में ही एक पूरा का पूरा समाज है। हम एकजुट होकर हर समस्या का समाधान निकाल सकते हैं, हमें हमारे बच्चों को बचपन से ही आध्यात्मिक और पौराणिक कथाओं का वर्णन और ज्ञान देना चाहिए, जिससे हमारे समाज में व्याप्त बुराइयों को हम मिटा सके। हिंदुत्व की बदौलत ही हम विश्व गुरु कहलाते हैं और हमारा संपूर्ण संसार में डंका बजता है।

कार्यक्रम में स्वामी सर्वदर्शन महाराज, स्वामी वेदांती हरिशंकर दास महाराज, स्वामी बसंतानंद महाराज, स्वामी राधेप्रिय प्रभु, स्वामी तिलकाचार्य हरिदास, जैन मुनि डॉ. संयमरत्न विजय, बालकृष्ण आर्य, वेलांती धवलेश्वर कासा, स्वामी वंशलाल महाराज, स्वामी सर्वदर्शन महाराज (धर्मगुरु स्वामी नारायण मंदिर), स्वामी श्रीचिप गुरु, डॉ. शंकरलाल विजय, स्वामी लवकृष्ण महाराज, स्वामी गोपाल महाराज, महामंडलेश्वर महेन्द्र दास, पं. गिर्जेश तिवारी, पं. ब्रज धाम वासन, महामंडलेश्वर गोसांईजी, पं. रमणीकदास, पं. तारचन्द शर्मा, पं. महेन्द्र पाल शर्मा, पं. किशन मुरारी आसलपुर, पं. विष्णुगोपाल शर्मा, गिर्जेश तिवारी महाराज, पं. रमणीकदास समेत कई संस्थानों के संत-महंत मौजूद थे। एचएसएस फाउंडेशन की और से राष्ट्रीय संयोजक गुणवंत सिंह कोठारी, चेयर पर्सन किशोर रुंगटा, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बापना, कोषाध्यक्ष दिनेश पितलिया कार्यक्रम संयोजक हरिहर पारीक ने भी अपने-अपने विचार रखें।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

## हत्या की संभावना जताते हुए प्रदर्शन करने कोतवाली पहुंचे ग्रामीण व परिजन


पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से समझाइश कर मृतक का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी किया।

**बून्दी,** (निसं)। विगत 28 अगस्त को कोतवाली थाना क्षेत्र के सदर थाने व चुंगी नाके के बीच सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल बंबोरी निवासी गिरधर गोपाल माली उम्र 32 साल की रविवार को कोटा एमबीएस अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम कराकर शव को लेकर बूंदी आने वाले थे तथा कोतवाली में हत्या की संभावना जताते हुए प्रदर्शन करने की तैयारी थी। जिसको लेकर बड़ी संख्या में बंबोरी सरपंच कुलदीप सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण कॉलेज चौराहे पर पहुंचे थे।

ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन करने की भनक लगते ही पुलिस उपाधीक्षक अमर सिंह राठौड़ व शहर कोतवाल तेजपाल सैनी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीण से समझाईश शुरू की व अभय कमांड सेंटर से घटना के सीसीटीवी फुटेज निकाले। जिसमें युवक स्वयं गाड़ी से गिरकर दुर्घटनाग्रस्त होना सामने आया। इसके बाद भी पुलिस ने हर एंगल से मामले की जांच कर परिजनों को संतुष्ट करने का आश्वासन दिया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के भाई रघुवीर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं मामले की जांच एएसआई खेमराज को सौंपी गई है।

वहीं परिजनों का आरोप है कि युवक के साथ अनहोनी हुई है किसी ने उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या की है। मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ग्रामीण ने पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए सीसीटीवी फुटेज के साथ छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया। पुलिस ने ग्रामीणों से समझाइश कर मृतक का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी कर लिया। इसके बाद सभी ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर गांव के लिए रवाना हो गए, जहां मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

# तबीयत बिगड़ने से विचाराधीन कैदी की अस्पताल में मौत

## परिजनों ने जांच की मांग की है

**जोधपुर,** (कासं )। जोधपुर जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद एक विचाराधीन कैदी की मथुरा दास माथुर अस्पताल में मौत हो गई। कैदी की मौत को लेकर रविवार को परिजनों ने संदेह जताया है और इसको लेकर जांच की मांग की है। इधर, कैदी की मौत के बाद कांठोस नेता, राजेन्द्र सिंह सोलंकी, मनीषा पंवार सहित कई लोग महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी पहुंचे। जहां मामले को लेकर पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है।

जानकारी के अनुसार धोखाधड़ी के मामले में जगदीश रंगा को चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मामले की जांच के बाद 25 अगस्त को उसे कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया था। 30 अगस्त को उसकी जेल में तबीयत खराब हो गई। जिसके चलते उसे एमडीएम हॉस्पिटल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती करवाया गया था। साथ ही उसके परिजनों को भी सूचना दे दी गई थी। जगदीश की तबीयत ज्यादा खराब होने से उसकी मौत हो गई। जहां उसे उसके शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया।

इस मामले में मृतक जगदीश रंगा के भाई सुनील रंगा ने पुलिस कमिश्नर को शिकायत लिखी है। उसमें उसके भाई की मौत पर संदेह जताया है। साथ ही शिकायत में लिखा है कि उसके भाई की मौत किस कारण से हुई और कब हुई इसकी परिवार को जानकारी है। मृतक के भाई ने इस मामले में स्पष्ट जांच की मांग की है। इस मामले में चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि मृतक जगदीश रंगा को एक धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने जांच के बाद 25 अगस्त को जगदीश को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया।

# देह व्यापार का दबाव डालने वाला गिरफ्तार

- न्यायालय ने आरोपी को चार दिन की रिमाण्ड पर सौंपा

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवतियों से देहव्यापार करने का दबाव डालने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के नेतृत्व में एएसआई लालसिंह मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर भेरवगढ जाने वाले तिराहे के पास 200 फीट रोड़ पर पहुंच कर संदिग्ध कार को रोक तलाशी ली। इस पर उसमें सवार प्रभूलाल एवं बूलराम मेघवाल निवासी बस स्टेण्ड के पास आसिन्द भीलवाड़ा के साथ में तीन महिलाए थी। पूछताछ में तीनों मुम्बई, आसाम एवं वेस्ट बंगाल को होने की जानकारी दी। पूछताछ में तीनों ने आरोपी प्रभूलाल द्वारा शहर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बुलाने एवं सभी को काम करने के बहाने देह व्यापार करने का दबाव डालने की जानकारी दी। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। मामले में अनुसंधान अधिकारी एएसआई सरदारसिंह ने आरोपी प्रभूलाल को न्यायालय में पेश कर चार दिन के लिए पुलिस रिमाण्ड पर लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

# आपसी झगड़े में एक दर्जन से अधिक घायल

**कामां** (निस)। कामा थाना क्षेत्र के गांव लालपुर के सादनका बास में बच्चों की कहासुनी को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया झगड़े ने पर पलक झपकते ही खूनी संघर्ष में बदल गया। झगड़े में दोनों तरफ से करीब एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के परिवार के बच्चों के साथ कहासुनी हो गई। एक पक्ष द्वारा बच्चों की कहासुनी पर सुलहनामा करने का प्रयास किया। लेकिन दुसरे पक्ष की और से राजीनामा के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। तत्पश्चात दोनों पक्ष आपस में भीड़ गए। देखते-देखते ही मामूली कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई। जिसमें दोनों पक्षों के एक दर्जन लोग घायल हो गए।

# पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस का मिरज तक विस्तार

## सितंबर को बीकानेर से मिरज के लिए रवाना होगी ट्रेन

**बीकानेर,** (निसं)। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए बीकानेर-पुणे-बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस का 2 सितंबर से पूना-गोवा रास्ते पर आने वाले स्टेशन मिरज पर ठहराव होगा। मिरज स्टेशन पर अब गाड़ी का स्थायी रूप से ठहराव होगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 20475 बीकानेर-मिरज साप्ताहिक एक्सप्रेस 2 सितंबर से बीकानेर से प्रत्येक सोमवार को 7:30 बजे रवाना होगी।

बीकानेर से रवाना हुई गाड़ी मंगलवार को पुणे स्टेशन पर 7:35 बजे पहुंचेगी। यहां 10 मिनट रुकने के बाद मिरज के लिए गाड़ी रवाना हो जाएगी। जो दोपहर 1:45 बजे मिरज पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20476 मिरज-बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस 3 सितंबर से मिरज से प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 2:25 बजे रवाना होकर पुणे स्टेशन पर शाम 8 बजे पहुंचेगी। वहां 10 मिनट ठहरने के बाद शाम 8:10 बजे रवाना होगी जो बुधवार को 8:40 बजे बीकानेर पहुंचेगी।

# युवक की हत्या के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार

- चार महीने पहले युवक की हत्या कर उसकी लाश चंबल नदी में फेंकी थी
- मुख्य महिला आरोपी की गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित था


धौलपुर पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में मुख्य महिला आरोपी को गिरफ्तार किया।

**धौलपुर,** (निसं)। चार माह पहले एक युवक की हत्या कर उसकी लाश को चंबल नदी में फेंक दिया गया था। जिस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या के मामले में मुख्य आरोपी महिला को साइबर सेल के कांस्टेबल नीलेंद्र सिंह की सूचना पर निहालगंज पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। महिला की गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

निहालगंज थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि 11 मई को जितेंद्र शर्मा पुत्र सुरेश चंद शर्मा निवासी खुर्द ने थाने पर मामला दर्ज कराया था। जिसमें बताया था कि उसके भाई आनंद शर्मा की हत्या कर उसके शव को चंबल नदी में फेंक दिया गया है। जिस मामले की जांच करने पर युवक की हत्या होने की बात सामने आई। जिस मामले में पुलिस ने तीन आरोपी गौरव, रोहित और सोनू को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि मामले की मुख्य आरोपी महिला गुड़िया (32) पत्नी संतोष निवासी खुर्द फरार चल रही थी।

थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर सेल के कांस्टेबल नीलेंद्र सिंह की सूचना पर मांगरोल तिराहे से मुख्य आरोपी महिला गुड़िया को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। जिससे पुलिस हत्या के मामले को लेकर पूछताछ कर रही हैं।

# सूने मकान से लाखों के जेवरात सहित 70 हजार की नकदी पार

## पीड़ित ने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया

**अजमेर,** (कासं)। शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अलवर गेट थाना क्षेत्र के मदर क्षेत्र में बीती देर रात अज्ञात चोरों ने एक बार फिर सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात अंजाम दी। चोरों ने अलमारी में रखे लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित सहित 70 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

अलवर गेट थाना क्षेत्र के विनायक नगर नाका मदार निवासी तरुण निर्माण ने बताया कि उसके माता-पिता जोधपुर गए हुए हैं। मकान को ताला लगाकर वह परिवार सहित गुलाबबाड़ी रिश्तेदार के यहां गया था। रविवार सुबह जब वह घर पर आया तो मकान के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। घर में जब प्रवेश किया तो अलमारी खुली हुई थी। उसमें रखा समान बिखरा हुआ था।

अलमारी में रखे लाखों रुपए किमत के सोने-चांदी के आभुषण चोर चुराकर ले गए। तरुण ने बताया कि चोरों ने घर में रखे सरिये का इस्तेमाल किया था। सरिये से चोरों ने अलमारी के ताले को तोड़ा था। वारदात के बाद चोर सरिये को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित तरुण ने बताया कि अलमारी में आर्टिफशियल ज्वैलरी भी थी। जिसे चोर घर में ही छोड़ गए। असली सोने-चांदी के आभूषण चुराकर ले गए।

मौके पर पहुंची अलवरगेट थाना पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और परिजन से चोरी गए सामान की सूची ली। अलवर गेट थाने के हैड कांस्टेबल ईश्वर सिंह ने बताया कि तरुण के माता-पिता जोधपुर गए हैं, उनके आने के बाद ही उनके कमरे से क्या-क्या चोरी हुआ है इसका पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मकराना में मार्बल व्यापारियों के बाड़ों में चोरी

## प्रत्येक व्यापारी को 40 से 50 हजार रुपए का नुकसान

- क्षेत्र में कई बार चोरियां हो चुकी हैं, चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की

**मकराना,** (निसं)। शहर के कातला रोड़ स्थित बाड़ों से करीब 6 व्यापारियों के मार्बल खंडे (छोटे पत्थर) चोरी होने का मामला सामने आया हैं। व्यापारियों ने चोरों के खिलाफ पुलिस थाना मकराना में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं।

मार्बल व्यापारी मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद शरीफ रान्दड़ ने थानाधिकारी राजेश कुमार को अन्य व्यापारियों के साथ रिपोर्ट देकर बताया कि परिवादी सहित मोहम्मद अरफान पुत्र हाजी शकुर अहमद भाटी, मोहम्मद आलम पुत्र मोहम्मद इस्माईल चौधरी, नदीम अहमद पुत्र हाजी मोहम्मद उमर सिसोदिया, सरफराज पुत्र अब्दुल सलाम गेसावत सभी मार्बल खंडों का व्यापार करते हैं। जिसके चलते उन्होंने कातला रोड़ पर अपने अपने बाड़े कर रखे हैं।वे खानों, मार्बल घड़ाई बाड़ो से खंडे खरीदकर लाते हैं और वहां जमा करते हैं। बाद में उनकी छंटाई करके आगे फैक्ट्रियों में भेजते हैं।

उन्होंने बताया कि 29 अगस्त की शाम को सभी व्यापारी अपने अपने घर चले गए थे। 30 अगस्त की सुबह बाड़ों में पहुंचे तो वहां छटाई कर रखे हुए सफेद मार्बल खंडे नहीं थे। आसपास पूछने पर भी खंडों का कुछ पता नहीं चल पाया। उन्होंने बताया कि उनके बाड़ों पर रखे सफेद खंडों को चोर चोरी कर ले गए। जिससे प्रत्येक व्यापारी को 40 से 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ हैं। पहले उन्होंने अपने स्तर पर पता लगाने का प्रयास किया और अब रिपोर्ट दी है।

व्यापारियों ने बताया कि पूर्व में भी क्षेत्र में कई बार चोरियां हो चुकी हैं। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की हैं। थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कर रहे हैं।

# दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। दोस्ती कर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने गणेशलाल नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि काम करने के दौरान आरोपी ने किसी कर्मचारी के जरिये मुझे दोस्ती करने की बात कही। गत दिनों आरोपी ने मुझसे दोस्ती कर मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच पुलिस उप अधीक्षक कैलाशचन्द्र बोरीवाल कर रहे है।

# अधेड़ की मोत

**उदयपुर,** (कासं)। ऋषभदेव हाइवे पर बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानाकरी के अनुसार शनिवार सांय ऋषभदेव थाना क्षैत्र कागदर हाइवे पर बाइक ने कागदर माण्डवा निवासी शंकर(50)पुत्र भीमजी मीणा को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल होने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल शिवनारायण ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सोंप दिया। शंकर कागदर हाइवे पर खड़ा था। इस दौरान बाइक ने उसे चपेट में ले लिया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने कलेक्ट्रेट के सामने मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन



भरतपुर में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने कलेक्ट्रेट के सामने मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया।

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में रविवार से ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया गया।

इस मौके पर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के अध्यक्ष रमेश चन्द शर्मा ने बताया कि संसद ने सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजनाएं पाबन्दी कानून 2019 बनाकर ठग सोसायटीज में डूबी हुई जमा राशि को पीड़ित आवेदक को 180 दिन में जमा राशि के दो से तीन गुणा वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। संसद और सरकार ने कानून बनाकर जनता को यह विश्वास दिलाया था कि सरकार उनका डूबा हुआ ठगा हुआ धन वापस करेगी और दोषी संचालकों को दण्डित करेगी। लेकिन कानून बने 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी संघ और राज्यों ने कानून के अंतर्गत पीड़ितों से न आवेदन आमंत्रित किए और न आवेदन लेने के बाद उनका धन विधिसम्मत रूप से वापस किया। कानून की अवहेलना करते हुए गैर कानूनी रूप से सहारा सीआरसी, सेबी, पर्ल्स जैसे पोर्टल खोलने का झांसा देकर कानून को खत्म करने की साजिश कर रहा है। जबकि भुगतान न होने के कारण निवेशक और कथित एजेंट साथियों में तनाव बना हुआ है। भुगतान के लिए कई बार प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं। लेकिन भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिससे परेशान होकर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार अनिश्चित आंदोलन शुरू करने को मजबूर हुआ है। निवेशक और एजेंट दर-दर की ठोकरें खा रहा है तथा सहारा इण्डिया से 13 करोड़ जमाकर्ताओं का हड़पा हुआ धन और सहारा इण्डिया के कार्यकर्ताओं का बकाया टीडीएस, फ्यूचर फण्ड और कमीशन भी दिलाया जाये।

केन्द्र सरकार की अनदेखी और उदासीनता के कारण 13 करोड़ जमाकर्ताओं का ब्याज सहित लगभग ढाई लाख करोड़ इन कम्पनियों में जमा है। सहारा इण्डिया क्यूशोप, सहारा इण्डिया कॉमर्शियल लिमिटेड और सहारा की सहकारिता कम्पनियों में हमारा क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, सहारा क्रेडिट कॉपरेटिव लि, सहारा यूनिवर्सल मल्टीपरपज सोसायटी और अन्य कम्पनियों ने हड़प लिया है। जिसके कारण देशभर में लगभग 10 हजार कार्यकर्ता एवं एजेंट ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है और लाखों लोग घर से बेघर हो गये हैं। असहयोग सत्याग्रह आन्दोलन शांतिपूर्वक अनिश्चितकालीन चलाने का आ ान किया गया। जब तक भुगतान नहीं होगा, तब तक हम धरना जारी रखने की बात कही। धरने में शामिल रमेश चंद शर्मा, ताराचंद आजाद, सुशील नारायण, पप्पू सिंह, रूपराम, चन्द्रभान कटारा, बाबूलाल, मुकेश कुमार, पूरन कश्यप, अमित चौधरी, पवनेश मिश्रा आदि लोगों ने भाग लिया।